TATA POWER

Guided by its Founder, Mr. Jamsetji Tata's vision that "Clean, cheap and abundant power is one of the basic ingredients for the economic progress of a city, state or country", Tata Power has been a pioneer in the power sector in India, both in terms of its leadership in technology adoption and its care towards all its stakeholders. For over a hundred years, Tata Power has been a part of India's growth story. Today, Tata Power is the largest integrated power utility in the country with operations spanning across the value chain – Fuel & Fuel Logistics, Power Generation (conventional & renewable), Power Transmission, Power Distribution and Retail, Power Services (Operations & Maintenance) and Power Trading.

Nestled in the foothills of the Western Ghats in Maharashtra, Tata Power commenced its journey in 1915 at Khopoli, harnessing the potential energy from its lakes located in the surroundings of Lonavala. The electricity, thus generated, was transmitted to the city of Mumbai. Tata Power set up a thermal power station at Trombay in 1956 that grew from a 62.5 MW plant at its launch to a 500 MW generating multi-fuel plant. In 1990, Tata Power set up a second thermal unit with an equal capacity and started a gas-based 180 MW plant at Trombay to provide uninterrupted power to Mumbai City.

In 2003, Tata Power entered a joint venture with Power Grid Corporation of India Ltd., to develop a 1200 km long transmission line, bringing electricity from faraway Bhutan, all the way to Delhi. In 2013, Tata Power implemented the first 4000 MW Ultra Mega Power Project at Mundra, Gujarat, based on super critical technology.Today, Tata Power has spread its wings and established itself, not only in several states in India, but its operations also span several countries across the globe.

Tata Power has always operated in the power sector with a focus on renewable energy. Playing the role of a visionary in this aspect Tata Power, in a JV, started Tata Power Solar 25 years ago, investing into a sustainable future which has now become one of the key focus areas for the country.

While it has grown to a generation capacity of 8,669 MW, Tata Power also has a pipeline of projects at different stages of development and execution. To support and sustain the existing generation, it has secured fuel supply option through a stake in Indonesian coal mines and has acquired ships for transportation of coal for Mundra. Tata Power is a leader in forming partnerships and is in fact the only company with PPP in Generation (Maithon, Dagachhu), Transmission (Powerlinks) and Distribution (TPDDL). It also has several partnerships in the overseas arena with leading players (Cennergi JV with Exxaro in South Africa and Georgia JV with IFC and Clean Energy, Dugar project in India with SN Power of Norway – a leader in the field of hydro power).

TPDDL, a JV between Tata Power and the Govt. of NCT of Delhi serves a populace of 6 million. The Strategic Engineering Division (SED) has been pursuing development and production activities for the nation's defences over the last 30 years. It has established Tata Power Trading Company Ltd. (TPTCL), which is a leading power trader in the country.

As India's largest integrated power company, Tata Power are conscious of role as sustainability stewards and embrace the challenges of climate change. Tata Power has executed a number of measures in order to reduce emissions. Sourcing clean coal is a significant way of reducing emissions and increasing efficiency. Tata Power has been consciously exploring clean coal sources, including imports, for its thermal power plants. The Company is committed to the cause of ensuring a greener and sustainable planet. The Mahseer Conservation program which was started in the 1970s, is a sustainable programme focused at conservation of the Mahseer, an endangered species of fish and the same has been augmented with various initiatives over the past decades. The Company also embarks on several initiatives to spread awareness about saving power, conserving energy and combating climate change issues. One such initiative is the Tata Power Club Enerji that educates the masses about how to use energy efficiently and curb energy wastage, along with conserving resources and civic & moral values. The Club reaches out to school children through various interactive mediums and sensitizes them on the need to conserve energy, resources and civic & moral values. The Club started in 2007 with 12 schools in Mumbai and has today become a nationwide movement covering ten cities - Mumbai, Pune, Bengaluru, Kolkata, Delhi, Ahmedabad, Jamshedpur, Lonavla and Belgaum. Over the last several years, it has sensitised over 9.3 million citizens who in turn have helped save more than 14.2 million units of electricity till date. This saving is equivalent to saving 14,200 tonnes of CO_2 and is enough to light up approximately 6943 houses for a year.

The Company has continued its focus on Corporate Social Responsibility activities to make a difference to the communities and become the neighbour of choice in its area of operations. Tata Power participated in various eco-restoration and eco-development programmes in the Western Ghats, which is one of the most sensitive ecosystems in the world. Through this period, over seven million saplings of 60 tree species have been planted. Even today, over 600,000 trees are being planted regularly as a re-forestation measure. A number of training programmes are carried out for developing self-employment opportunities among the rural population. The Company also carries out regular medical check-ups, provides medicines at its health centres, and carries out a number of health awareness programmes such as eye check-ups and blood donation camps at several locations.

Tata Power's multi-fold growth validates its bright future, brimming with possibilities and full of promise to power the future as a pioneer of technological innovations and green initiatives.

The Department of Posts is happy to release a commemorative postage stamp on Tata Power.

Credits:-

Text	: Based on the material received from proponent
Stamp/FDC/ Cancellation Cachet	: Smt. Nenu Gupta



टाटा पावर

अपने संस्थापक, श्री जमसेटजी टाटा की परिकल्पना, "एक शहर, राज्य या देश के लिए स्वच्छ, सस्ती और प्रचुर मात्रा में विद्युत की उपलब्धता ही इसकी आर्थिक प्रगति का आधार है", से प्रेरित होकर टाटा पावर भारत में विद्युत शक्ति, प्रौद्योगिकी को आत्मसात करने तथा अपने सभी भागीदारों की देखभाल में अपने नेतृत्व, दोनों क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। सौ वर्षों से भी अधिक समय से, टाटा पावर भारत के विकास की गाथा का एक हिस्सा रहा है। आज, टाटा पावर देश का सबसे बड़ा एकीकृत विद्युत जनोपयोगी सेवा प्रदाता है जिसका परिचालन कई महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं यथा – ईंधन और ईंधन प्रचालन–तन्त्र, विद्युत उत्पादन (परम्परागत एवं नवीकरणीय), विद्युत संचारण, विद्युत वितरण और खुदरा व्यापार, विद्युत सेवाएँ (प्रचालन एवं अनुरक्षण) तथा विद्युत व्यापार में फैला हुआ है।

महाराष्ट्र के सहयाद्रि पर्वतमाला की तलहटी में अवस्थित, टाटा पावर ने खोपोली में 1915 में, लोनावाला के आसपास मौजूद झीलों से स्थितिज ऊर्जा के दोहन से अपनी यात्रा की शुरूआत की। इस प्रकार उत्पन्न बिजली का संचारण मुंबई शहर को किया गया। टाटा पावर ने 1956 में ट्रॉम्बे में एक ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना की जो शुरुआती दौर में 62.5 मेगावाट के संयंत्र से विकसित होकर आज 500 मेगावाट की क्षमता वाला बहु ईंधन संयंत्र बन गया है। 1990 में, टाटा पावर ने समान क्षमता वाले एक दूसरे थर्मल यूनिट की स्थापना की। मुंबई शहर को निर्बाध रुप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए ट्रॉम्बे में 180 मेगावाट के एक गैस आधारित संयंत्र की स्थापना की।

2003 में, सूदूरवर्ती भूटान से दिल्ली तक बिजली लाने हेतु 1200 किलोमीटर लंबी एक संचारण लाइन विकसित करने के उद्देश्य से टाटा पावर ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम किया। 2013 में, टाटा पावर ने मुंद्रा, गुजरात में पहली बार अति महत्वपूर्ण तकनीक पर आधारित 4000 मेगावाट की अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना को कार्यान्वित किया। आज, टाटा पावर ने अपना विस्तार किया है और न केवल भारत के कई राज्यों में, बल्कि दुनिया भर के कई देशों में अपने प्रचालनों द्वारा स्वयं को स्थापित किया है।

टाटा पावर ने नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सदैव विद्युत क्षेत्र में प्रचालन का कार्य किया है। इस संदर्भ में एक दूरदर्शी की भूमिका निभाते हुए 25 वर्ष पूर्व टाटा पावर ने एक संयुक्त उद्यम के तौर पर टाटा पावर सोलर की शुरूआत की और सतत भविष्य हेतु किया गया यह निवेश वर्तमान में देश के लिए ध्यानाकर्षण का केंद्र बन गया है।

8669 मेगावाट की उत्पादन क्षमता के अतिरिक्त, टाटा पावर की कई परियोजनाएँ विकास और क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। मौजूदा उत्पादन के समर्थन एवं निरंतरता को बनाए रखने के लिए, इंडोनेशियाई कोयला खदानों में हिस्सेदारी के माध्यम से ईंधन की आपूर्ति के विकल्प को आरक्षित किया है और इसके अलावा मुंद्रा तक कोयले की आपूर्ति के लिए जहाजों का अधिग्रहण भी किया है। सहभागिता करने में टाटा पावर अग्रणी रहा है और उत्पादन (मैथन, दगाछू), संचारण (पॉवरलिंक्स) और वितरण (टीपीडीडीएल) के क्षेत्र में सार्वजनिक निजी भागीदारी को लागू करने वाली एकमात्र कंपनी है। इस कंपनी ने विदेशों में इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के साथ कई साझेदारियाँ की हैं (दक्षिण अफ्रीका में एक्जारो के साथ सिनर्जी का संयुक्त उद्यम, तथा जॉर्जिया में आईएफसी एवं क्लीन एनर्जी के साथ संयुक्त उद्यम, जल विद्युत के क्षेत्र में नॉर्वे की अग्रणी कंपनी एसएन पावर के साथ भारत में दुगर परियोजना)।

टीपीडीडीएल, टाटा पावर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच का एक संयुक्त उद्यम है, जो लगभग 6 लाख लोगों को सेवाएँ प्रदान करता है। स्ट्रेटीजिक इंजीनियरिंग डिवीजन (एसईडी) पिछले 30 वर्षों से देश की रक्षा के लिए विकास और उत्पादन से संबंधित गतिविधियों को कार्यरूप दे रहा है। टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) की भी स्थापना की गई, जो देश में विद्युत व्यापार के क्षेत्र में अग्रणी है।

सबसे बड़ी एकीकृत भारतीय बिजली कंपनी के रूप में, टाटा पावर संवहनीयता के प्रबंधक के रूप में अपनी भूमिका के प्रति सजग है, और इसने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ को भी अपनाया है। उत्सर्जन को कम करने के लिए टाटा पावर ने कई युक्तियों को कार्यान्वित किया है। उत्सर्जन को कम करने और क्षमता में वृद्धि करने के लिए स्वच्छ कोयले के स्रोत का पता लगाना एक महत्वपूर्ण तरीका है। इसी आशय के साथ टाटा पावर द्वारा अपने ताप विद्युत संयंत्रों के लिए स्वच्छ कोयले के स्रोतों की खोज की जा रही है, जिसमें आयात भी शामिल है। यह कंपनी धरती को हरित और चिरस्थायी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 1970 के दशक में शुरू किया गया माशीर संरक्षण कार्यक्रम एक दीर्घकालिक कार्यक्रम है, जो मछली की एक लुप्तप्राय प्रजाति माशीर के संरक्षण पर केंद्रित है और पिछले दशकों में विभिन्न पहलों के साथ इसका संवर्धन किया गया है। कंपनी ने बिजली की बचत के बारे में जागरूकता फैलाने तथा ऊर्जा संरक्षण और जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु भी कई पहलें की गई हैं। ऐसी ही एक पहल का नाम है टाटा पावर क्लब एनर्जी, जो ऊर्जा के कुशलतापूर्वक उपयोग, ऊर्जा अपव्यय पर अंकुश लगाने के तरीके, संसाधनों के संरक्षण तथा नागरिक एवं नैतिक मूल्यों के बारे में जनता को प्रशिक्षित करने का कार्य करता है। क्लब विभिन्न संवादमूलक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली बच्चों तक पहुँचता है और उन्हें ऊर्जा के संरक्षण की आवश्यकता तथा नागरिक एवं नैतिक मूल्यों के बारे में जागरूक करता है। क्लब ने 2007 में मुंबई के 12 स्कूलों के साथ अपना कार्यक्रम शुरू किया था जो आज एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है, जिसमें मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, जमशेदपुर, लोनावाला और बेलगाम जैसे दस शहरों को शामिल किया गया है। पिछले कई वर्षों में, इन कार्यक्रमों के माध्यम से 9.3 मिलियन नागरिकों को जागरूक किया गया है, जिसके चलते आज तक 14.2 मिलियन यूनिट से अधिक बिजली की बचत करने में मदद मिली है। यह बचत कार्बनडाईआक्साईड की 14,200 टन बचत के बराबर है और इससे एक वर्ष तक लगभग 6943 घरों में बिजली पहुंचायी जा सकती है।

कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी गतिविधियों पर भी अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है ताकि समुदायों को आगे ले जाया जा सके और अपने संचालन के क्षेत्रों में चहेता पड़ोसी बनकर उभर सके। टाटा पावर ने विश्व के सबसे अधिक संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों में से एक, सहयाद्रि पर्वतमाला में पर्यावरण के पुनरुद्धार तथा पर्यावरण के विकास संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी को निरंतर जारी रखा है। इस अवधि के दौरान 60 प्रजातियों के 7 मिलियन से अधिक पेड़–पौधे लगाए गए हैं। आज भी, पुनः वनारोपण के उपाय के रूप में 600,000 से अधिक पेड़ नियमित तौर पर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच स्व–रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। कंपनी के द्वारा नियमित चिकित्सा जांच कार्यक्रम को भी कार्यान्वित किया जाता है, कंपनी अपने स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाएँ प्रदान करती है और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों को भी कार्यान्वित किया जाता है, जैसे कि विभिन्न स्थानों पर नेत्र जांच और रक्तदान शिविरों का आयोजन, इत्यादि।

टाटा पावर का बहुआयामी विकास, जो संभावनाओं और प्रौद्योगिकीय नवप्रवर्तनों और हरित पहलों में अग्रणी के रूप में भविष्य को ऊर्जा देने की वचनबद्धता से परिपूर्ण है, इसके उज्ज्वल भविष्य की पुष्टि करता है।

डाक विभाग टाटा पावर पर एक स्मारक डाक–टिकट जारी करके प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :–

मूलपाठ : प्रस्तावक द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री पर आधारित

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विरूपण : श्रीमति नीनू गुप्ता

भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग Denomination	: :	500 पैसा 500 p
मुद्रित डाक–टिकटें Stamps Printed	: :	4.06 लाख 0.406 Million
मुद्रण प्रक्रिया Printing Process	: :	वेट ऑफसेट Wet Offset
मुद्रक Printer	: :	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद Security Printing Press, Hyderabad

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक–टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00